द्वारा:–ई.मेल।

राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

(प्लाट नं. – 6, ऐवरेस्ट कॉलोनी, नियर अपेक्स मॉल, लाल कोठी, जयपुर)

दिनांकः 27/01/2021

क्रमांकःपैरामेडि.कौं / परीक्षा / 2021 / 48

प्रधानाचार्य,
समस्त संबंद्ध पैरा–मेडिकल कॉलेज,
राजस्थान।

विषयः– सत्र 2019–20 के अभ्यर्थियों के नामांकन क्रमांक आवेदन पत्र ऑन–लाईन भरवाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि परीक्षा आयोजन किये जाने से पूर्व अभ्यर्थियों से नामांकन (Enrollment Number) आवेदन पत्र भराये जाने हैं, जिससे अभ्यर्थियों को नामांकन (Enrollment Number) जारी कर परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जा सकें।

राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर द्वारा उक्त 2019–20 के अभ्यर्थियों के नामांकन क्रमांक (**Enrollment No.**) आवेदन पत्र दिनांक 01.02.2021 से 15.02.2021 तक ऑन–लाईन http://enrolment.rpcraj.net/ के माध्यम से भरवाये जायेगें।

ऑन–लाईन नामांकन आवेदन पत्र भराये जाने की प्रक्रिया / दिशा–निर्देश पत्र के साथ संलग्न है, साथ ही, ऑन–लाईन नामांकन आवेदन पत्र भराये जाने के पश्चात् आवेदन पत्र की प्रिन्टेट प्रति तथा अभ्यर्थियों की सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी की अंक–तालिकायें, माइग्रेशन प्रमाण–पत्र, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट (मेडिकल सर्टिफिकेट केवल राजकीय हास्पिटिल का मान्य होगा, मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ राजकीय हास्पिटिल द्वारा जारी रसीद की प्रति भी संलग्न की जायें।), जाति प्रमाण–पत्र आदि की छाया प्रति प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित करवाकर दिनांक 16.02.2021 से 20.02.2021 तक जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। ऑन–लाईन वेरिफाईड सूची भी प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित करवाकर जमा करायें।

उक्त दिनांक के पश्चात् किसी प्रकार का ऑन–लाईन आवेदन पत्र नहीं भरा जायेगा, ना ही आवेदन पत्र की हार्ड प्रति एवं मूल दस्तावेज प्राप्त किये जायेगें। आवेदन फीस 500/– रूपयें प्रति अभ्यर्थी निर्धारित है, जो ऑन–लाईन गेट–वे के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

27/1/2021

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकःपैरामेडि.कौं / परीक्षा / 2021 / 48

दिनांकः 27/01/2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. रक्षित पत्रावली।

27/1/2021

परीक्षा नियंत्रक